आर्डर शीट

न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर

राजस्व अपील सं0 241/2021 अनवान मधुबाला बनाम बाबुलाल वगैरा

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए
15.01.26	वकील अपीलांट एवं अपीलांट स्वयं उपस्थित। अपीलांट की ओर से अधिवक्ता श्री कृपाराम सोलंकी ने अपना वकालतनामा पेश किया, जिस पर उनके पूर्व अधिवक्ता द्वारा 'नो–आब्जेक्शन' अंकित किया हुआ है। वकील अपीलांट द्वारा "प्रार्थना पत्र बाबत मिसल तलबी एवं विड्रोल करने अपील" प्रस्तुत किए गये। जिस पर पत्रावली तलब की जाकर तारीख पेशी पर ली गई। वकील अपीलांट द्वारा प्रार्थना पत्र में उल्लेखित तथ्यों को दोहराते हुए मुख्यतः यह आग्रह किया कि अपीलार्थी एवं रेस्पो0 मध्य समाज के मौजिज लोगों की समझाईस से लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया है। अपीलार्थी उक्त अपील को आगे चलाना नही चाहती है तथा विड्रो करना चाहती है। अतः उक्त अपील जरिये विड्रो खारिज फरमावे। अतः वकील अपीलांट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर अपीलान्ट की उक्त अपील जरिये विड्रोल खारीज की जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र शामिल पत्रावली किया जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावे। निर्णय आज दिनांक को खुले न्यायालय लिखाया जाकर, सुनाया गया। अधीनस्थ न्यायालय का रेकर्ड निर्णय की सत्यप्रति के साथ लौटाया जावे। 15/1/26. (सुनिता चौधरी) अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर	मधुबाला For मधुबाला R/2074/17